# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–15 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वाराणसी लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया नामांकन। एनडीए के कई वरिष्ठ नेता नामांकन में हुए शामिल।
- प्रदेश में सातवें और अन्तिम चरण की तेरह लोकसभा सीटों पर नामांकन भरने की प्रक्रिया हुयी समाप्त। सत्रह मई तक वापस लिये जा सकेंगे नाम। एक जून को होगा मतदान।
- लोकसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों ने झोंकी ताकत। झांसी में मायावती, राहुल गांधी और अखिलेश यादव, अमेठी में जेपी नड्डा और प्रियंका गांधी, महराजगंज में मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभाओं को किया संबोधित।
- आज प्रदेश में विभिन्न राजनीतिक दलों के राजनेता और स्टार प्रचारक करेंगे चुनाव प्रचार। जनसभा और रोड–शो के माध्यम से करेंगे मतदान की अपील।

**********

प्रदेश में सातवें और आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने की अंतिम समय सीमा कल समाप्त हो गई है। नामांकन के अंतिम दिन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार पर्चा भरा। इस दौरान एनडीए के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। श्री मोदी के चार प्रस्तावकों में पंडित गणेश्वर शास्त्री, बैजनाथ पटेल, लालचंद कुशवाहा और संजय सोनकर शामिल रहे। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट

***सफेद कुर्ता–पायजामा और नीली सदरी पहने पीएम मोदी अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए जब कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे तो वहां पर घटक दलों के नेताओं के साथ–साथ भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गृह मंत्री अमित शाह भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद थे। नामांकन के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में बीजेपी कार्यकर्ताओं समेत बनारस के प्रबुद्ध वर्ग के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पोलिंग बूथ लोकतंत्र का मंदिर है. मतदान का दिन उत्सव का दिन बनाना है. 10 बजे के पहले दिया जला कर, थाली बजा कर, घंटी बजा कर, भारत माता की जय बोलते हुए लोगों को मतदान केंद्र तक लाएं. कल श्रीनगर का मतदान लोकतंत्र की जीत है. अगर वहां ऐसा है तो देश का मतदान 100 प्रतिशत होना चाहिए. पीएम मोदी ने वाराणसी लोकसभा क्षेत्र से नामांकन दाखिल करने से पहले मंगलवार को सुबह गंगा नदी के तट पर दशाश्वमेध घाट पर गंगा की पूजा की और आरती उतारी तत्पश्चात काल भैरव मंदिर में दर्शन पूजन किया। वाराणसी से आकाशवाणी समाचार के लिये मनीष सिंह।***

वाराणसी सीट से इंडी गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी अजय राय, श्री मोदी के विरूद्ध चुनाव लड़ रहे हैं। यूपी कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय को कांग्रेस ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों में वाराणसी से मोदी के खिलाफ मैदान में उतारा था, लेकिन वह दोनों बार तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 के चुनाव में श्री मोदी ने समाजवादी पार्टी की शालिनी यादव को साढ़े चार लाख से ज्यादा वोटों से हराया था।

**********

नामांकन के आखिरी दिन महराजगंज संसदीय सीट पर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी वीरेंद्र चौधरी ने नामांकन दाखिल किया। वहीं घोसी लोकसभा क्षेत्र से कल सात और चंदौली सीट से छह प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किये। इस चरण के लिए 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच होगी। नामांकन वापसी की आखिरी तिथि 17 मई है। इस चरण में महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर, और राबर्ट्सगंज लोकसभा क्षेत्रों के लिए एक जून को मतदान होगा।

**********

प्रदेश की 14 सीटों पर पांचवें चरण का लोकसभा चुनाव 20 मई को संपन्न होगा। इसमें कभी कांग्रेस का गढ़ मानी जाने वाली अमेठी की अहम सीट भी शामिल है। भाजपा ने 2019 में राहुल गांधी को हराने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी को तीसरी बार यहां से प्रत्याशी बनाया है, वहीं राहुल गांधी के रायबरेली जाने के बाद कांग्रेस ने गांधी परिवार के करीबी के एल शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। बसपा ने नन्हे सिंह को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा दस अन्य प्रत्याशी भी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। पेश है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट

***संजय गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी, सोनिया गांधी और राहुल गांधी जैसे कांग्रेस नेताओं को संसद पहुंचाने वाली अमेठी सीट से इस बार कांग्रेस ने अपने करीबी के एल शर्मा को चुनावी मैदान में उतारा है। के एल शर्मा राजीव गांधी के करीबी थे और सोनिया गांधी के सांसद बनने के बाद से अब तक अमेठी और रायबरेली सीटों पर जमीनी काम कराने का जिम्मा के एल शर्मा ही उठाते रहे हैं। यही वजह है कि स्थानीय कार्यकर्ताओं और लोगों के बीच उनकी अच्छी पकड़ है। लेकिन के एल शर्मा के लिए कांग्रेस के पुराने गढ़ को वापस जीतना आसान नहीं होगा क्योंकि उनका मुकाबला भाजपा की स्मृति ईरानी से होगा। स्मृति ईरानी ने 2019 के चुनाव में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को इस सीट पर हराया था। इस संसदीय क्षेत्र के 14 लाख 28 हजार 316 मतदाता 20 मई को 13 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। रजनीश कुमार सिंह, आकाशवाणी समाचार, अमेठी।***

**********

प्रदेश में पांचवें, छठवें और सातवें चरण के लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव प्रचार जोर शोर से चल रहा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के मुखिया, वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक अलग अलग लोकसभा क्षेत्रों में जनसभा, रोड शो और जनसंपर्क अभियान के माध्यम से अपने पक्ष में मतदान की अपील कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल झांसी में इंडिया गठबंधन की संयुक्त जनसभा को संबोधित किया। जनसभा में राहुल गांधी ने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर शहरों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। जनसभा में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने किसानों की आय दोगुना करने का झूठा वादा किया, आज महंगाई से किसान और आम आदमी परेशान हैं।

झांसी में ही कल बसपा प्रमुख मायावती ने जनसभा में कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का जो झूठा सपना दिखाया था, जनता उसमें इस बार नहीं फंसने वाली है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस पूंजीपतियों से चंदा लेती है, लेकिन बसपा लोगों के सहयोग से चलती है।

जालौन में अखिलेश यादव ने जनसभा में कहा कि अग्निवीर योजना युवाओं के साथ धोखा है। 4 जून के बाद इंडी गठबंधन की सरकार बनने पर इस योजना को खत्म कर दिया जाएगा।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कल महराजगंज और गोरखपुर में गठबंधन प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री खरगे ने कहा कि पिछले दस वर्षों में महंगाई चरम पर है। रोजगार के अवसर खत्म हो गए हैं और देश की अर्थव्यवस्था चौपट हो गई है।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अमेठी में पार्टी प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री नड्डा ने कहा कि 10 वर्ष पहले भारत की राजनीति की परिभाषा तुष्टीकरण, वोट बैंक, जातिवाद और क्षेत्रवाद की थी, लेकिन आज भारत की राजनीति विकासवाद की राजनीति हो चुकी है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कल लखनऊ में बौद्धिक वर्ग सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजनीति में विश्वसनीयता के संकट को खत्म किया है। भाजपा ने जो भी वादे किये उन्हें पूरा करने का काम किया है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अमेठी, बाराबंकी और लखनऊ में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कल अमेठी में गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने भाजपा पर जनता से झूठे वादे करने का आरोप लगाया।

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनाव को लेकर आज विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेता और स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मोहनलालगंज निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर के लिए प्रचार करेंगे। बीजेपी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महोबा जालौन, झांसी और लखनऊ में चुनाव प्रचार करेंगे। इनके अलावा समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आज बलरामपुर जिले की गैंसडी विधानसभा क्षेत्र और फैजाबाद संसदीय क्षेत्र में इंडी गठबंधन उम्मीदवार के लिए प्रचार भी करेंगे। उधर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, राहुल गांधी के लिए आज रायबरेली में प्रचार करेंगे। बसपा सुप्रीमो मायावती बांदा संसदीय क्षेत्र के अतर्रा इलाके में राजनीतिक रैली को संबोधित करेंगी।

**********

उत्तराखंड के राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कल अयोध्या पहुंच कर श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में रामलला के दर्शन किये। राज्यपाल गुरमीत सिंह ने कहा कि यह बहुत ही सौभाग्य का क्षण है कि अयोध्या में रामलला के दर्शन कर आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। 500 वर्षों के इंतजार के बाद रामलला का मंदिर बना है, यह हम सभी के लिए बहुत ही हर्ष का विषय है।

**********